'मिसेज' एक महिला की जटिल यात्रा को दिखाती है सान्या मल्होत्रा

बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा अपनी फिल्म 'मिसेज' की स्क्रीनिंग के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी। एक्ट्रेस की 'फिल्म' मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 (आईएफएफएम) में प्रीमियर होगा। सान्या ने कहा मैं रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं कि 'मिसेज' का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल में ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर होगा। यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है।

यह समाज की अपेक्षाओं के बीच अपनी आवाज तलाशने की कोशिश कर रही एक महिला की जटिल (पेचीदा) और बारीक यात्रा को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया

में प्रीमियर के दौरान एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के साथ फिल्म की डायरैक्टर आरती कदव भी होंगी। सान्या ने आगे कहा आरती कदव और पूरी टीम के साथ काम करना एक बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा है।

मेरा मानना है कि यह कहानी हर जगह दर्शकों को पसंद आएगी। एक्ट्रेस का कहना कि फिल्म फैस्टिवल हमेशा से ही विभिन्न नैरेटिव का जश्न मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म रहा है। फिल्म 'मिसेज' एक महिला की पेचीदा (जटिल) लाइफ को दर्शाती है, जिसका किरदार सान्या ने निभाया है। वह फिल्म में ट्रेनी डांसर और डांस टीचर हैं।